कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–12, अंक–11, जनवरी 2012

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## सतीश अग्रवाल को 'प्राइड ऑफ इंडिया 2011' सम्मान



बुनियादी ढांचा क्षेत्र में देश की दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल को 'प्राइड ऑफ इंडिया' सम्मान से नवाजा गया है। 12 जनवरी को दिल्ली के पांच सितारा होटल ताज पैलेस में 10वें एनआरआई दिवस के मौके पर यह सम्मान दिया गया।

इंडो अमेरिकन फ्रैंड्स ग्रुप ने श्री सतीश अग्रवाल को भारतीय समाज में उनकी अमूल्य सेवाओं के लिए यह सम्मान दिया है। कामधेनु समूह को सफलता के शिखर पर पहुँचाने वाले श्री सतीश अग्रवाल समाज में सुधार के लिए कई तरह के सामाजिक कार्यों से जुड़े हैं। पर्यावरण संरक्षण और बाल शिक्षा क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान को देखते हुए इंडो अमेरिकन फ्रैंड्स ग्रुप ने श्री अग्रवाल को यह सम्मान दिया है।

श्री सतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने कामयाबी का नया आकाश छुआ है। 1995 में राजस्थान के भिवाड़ी में महज एक युनिट से शुरूआत करने वाली कामधेनु की आज देश भर में 50 से ज्यादा फ्रेंचाईजी उत्पादन इकाईयां हैं। श्री अग्रवाल के नेतृत्व में कामधेनु ने स्टील उत्पादों के साथ बाइडिंग वायर, हाउसिंग, पीवीसी पाइप, प्लाईवुड, पेंट, मिनिरल वॉटर जैसे कई क्षेत्रों में लगातार विस्तार किया।

श्री अग्रवाल के नेतृत्व ने कामधेनु ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए 'ग्रीन इंडिया' अभियान को चलाया है। इस अभियान के तहत कंपनी अपने 8500 डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों को साल में कम से कम 5 पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस पहल के तहत कंपनी अब तक लाखों पेड़ लगा चुकी है। साथ ही कामधेनु की कोशिश रहती है कि उसके प्लांटों से गंदा कचरा बाहर न जाए। इसके साथ ही कामधेनु समाज के कमजोर तबकों के बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'कामधेनु जीवन धारा' नाम की सामाजिक संस्था चला रही है। इस पहल के तहत कंपनी हजारों बच्चों को शिक्षा दे चुकी है।

इंडो अमेरिकन फ्रैंड्स ग्रुप विकास, एकता और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में मजबूती के लिए लगातार काम कर रहा है। यह समूह अपनी अमूल्य सेवाओं से भारतीय समाज के ताने–बाने को मजबूती देने वाले भारतीयों को सम्मानित करहता है।

श्री सतीश अग्रवाल से पहले अमेरिका में एशियन इंडियन चौंबर ऑफ कॉमर्स की अध्यक्ष सीमा एम सिंह, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री नारायण दत्त तिवारी, श्री अमिताभ शर्मा, अमेरिका के श्री धीरू भाई शाह, डॉ.हेम चंद्र आदि को भी 'प्राइड ऑफ इंडिया' सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

# दिल्ली में दौड़ेगी मोनो रेल



मेट्रो के बाद दिल्ली में मोनो रेल चलाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। दिल्ली की मुख्य मंत्री शीला दीक्षित ने भरोसा दिलाया है कि 5 साल के भीतर दिल्ली के लोग मोनो रेल से सफर का आनंद उठाने लगेंगे। दिल्ली सरकार ने 17 जनवरी को शास्त्री पार्क से त्रिलोकपुरी तक मोनो रेल चलाने को मंजूरी दे दी है। करीब 10.8 किलोमीटर इस रूट पर 12 स्टेशन होंगे। लगभग 1650 करोड़ रुपये का यह प्रोजेक्ट जनवरी 2017 में साकार हो जाएगा। मोनो रेल के तहत 4 वातानुकूलित कोच होंगे। मोनो रेल से रोजाना करीब डेढ़ लाख लोग सफर कर सकेंगे। मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के अनुसार प्रदूषण मुक्त मोनो रेल पूर्वी दिल्ली के उन इलाकों में पहुँचेगी जहां, मेट्रो के अलावा बसें भी कम पहुंच पा रही हैं। इससे दिल्ली की परिवहन व्यवस्था पर दबाव कम होगा। मोनो रेल परियोजना दिल्ली के अलावा कई अन्य शहरों में भी चल रही है। मुंबई में जल्दी ही मोनो रेल शुरू भी हो जाएगी।

# आईएनएस चक्र' नौसेना में शामिल



सुदूर समुद्र में एकदम शांत भाव से महीनों तक निगरानी की जबर्दस्त ताकत देने वाली रूसी परमाणु पनडुब्बी भारतीय नौसेना के बड़े में 'आईएनएस चक्र' नाम से शामिल कर लिया गया है। भारत अब छठा देश है जिसके नौसैनिक बेड़े में यह पनडुब्बी शामिल हुई है। भारत से पहले समुद्री युद्ध लड़ने के लिए यह सिर्फ अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस के पास ही थी।

करीब 80 सदस्यीय नौसैनिक दल ने इस परमाणु ईधन से चालित पनडुब्बी की कमान संभाल ली है। वहीं दूसरी ओर भारत स्वदेश में बनी परमाणु पनडुब्बी 'आईएनएस अरिहंत' का परीक्षण भी कर रहा है। रूस ने भारत को श्आईएनएस चक्र' पट्टे पर दिया है। दो दशक बाद यह पहला मौका है जब भारतीय नौसेना के बेड़े में परमाणु पनडुब्बी आई है।

# दिल्ली में केवल 4 लाख में मिलेगा डीडीए फ्लैट



दिल्ली विकास प्राधिकरण यानी डीडीए 1 साल में 20,000 से ज्यादा फ्लैट बनाने जा रहा है। दिल्ली के द्वारका, नरेला और रोहिणी जैसे इलाकों में बनने वाले इन फ्लैटों की कीमत करीब 4 लाख रुपये होगी।

ये फ्लैट निम्न आय वर्ग के लिए बनाए जा रहे हैं। डीडीए ने द्वारका में इस योजना के तहत कई सैंपल फ्लैट बनाए हैं, जिसकी सरकार ने काफी प्रशंसा की है। इन फ्लैटों में पहली बार प्री–फैब तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे लागत कम होने के साथ निर्माण कार्य बहुत तेजी से किया जा सकता है।

कैंपस में ही फ्लैट वालों को सामुदायिक भवन, दुकानें और आंगनवाड़ी तक की सुविधाएं मिलेंगी। यानी इन फ्लैट में रहने वालों को महंगी सोसाइटियों जैसा फायदा मिलेगा।




# आन्ध्र प्रदेश में हुई इंजीनियर्स मीट

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अत्याधुनिक तकनीक वाले अपने नवीनतम उत्पादों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए हैदराबाद में 'इंजीनियर्स मीट' आयोजित की। 22 दिसंबर 2011 को एडोनी में आयोजित इस सम्मेलन में 80 से ज्यादा इंजीनियरों ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही एडोनी और आसपास के इलाकों में कंपनी के डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की।

'इंजीनियर्स मीट' में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक श्री मयंक श्रीवास्तव ने इंजीनियरों को संबोधित किया। श्री श्रीवास्तव ने कंपनी की नई टीएमटी तकनीक के बारे में इंजीनियरों को बताते हुए कहा, "हमने स्टील क्षेत्र में कई अति उन्नत उत्पाद पेश किए हैं। हम आंध्रप्रदेश में उच्च गुणवत्ता वाले एफई 415 और एफई 500 टीमटी का उत्पादन कर रहे हैं। ये दोनों टीएमटी सरिया मजबूत और टिकाऊ घर चाहने वालों की आंकाक्षाओं पर पूरी तरह खरे उतरते हैं।"

इस मौके पर कामधेनु इस्पात ने विशिष्ट योगदान करने वाले इंजीनियरों को सम्मानित भी किया। बुनियादी ढांचा से जुड़े उत्पादों के चयन में इंजीनियरों की महत्वूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में कामधेनु इस्पात अपनी गुणवत्ता से इंजीनियरों के बीच अपने उत्पादों की धाक जमाने की लगातार कोशिश कर रही है। 'इंजीनियर्स मीट' के बाद कंपनी ने शानदार रात्रिभोज का आयोजन भी किया।

# कामधेनु ने क्रिकेट में मचाया धमाल

कामधेनु इस्पात लिमिटेड कारोबार के साथ अपने सामाजिक दायित्वों का हमेशा ध्यान रखती है। इसी कड़ी में कंपनी ने हैदराबाद में ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। ये प्रतियोगिता 23 से 27 दिसंबर 2011 के दौरान हुई। कामधेनु ने पहली बार राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करके धमाल मचा दिया। इस टूर्नामेंट में वकीलों की 8 टीमों ने हिस्सा लिया।



ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह 22 दिसंबर को सिकंदराबाद क्लब में आयोजित हुआ। हैदराबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री पीसी रागुरम उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। वहीं हैदराबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश श्री कोदंद्रम इस मौके पर सम्मानीय अतिथि थे। मुख्य अतिथि ने सभी टीमों को उनके यूनीफॉर्म दिए। मुख्य अतिथि ने इस टूर्नामेंट को आयोजित करने में कामधेनु की अहम भूमिका की सराहना की।

इस टूर्नामेंट में कर्नाटक टीम को कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने प्रायोजित किया था। हैदराबाद में कामधेनु के वरिष्ठ प्रबंधक श्री मयंक श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को यूनीफॉर्म दिए। कामधेनु के लिए बेहद गर्व की बात यह रही कि कामधेनु परिवार के सदस्य श्री सुनील कुमार (ईश्वर एंटरप्राइजेज) कर्नाटक हाई कोर्ट टीम के सदस्य हैं।

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

श्री बबलू पाण्डे
**मैसर्स कृषि उपकरण भंडार**
मैन रोड कोरनसराय बक्सर
06323 247432, 9334446031

श्री मनोज चौहान
**मैसर्स हरिओम स्टील**
सेक्टर.–66, ममूरा,
फ्लैक्स् कम्पनी के सामने, नोएडा

श्री मनोज जैसवाल
**मैसर्स जैसवाल लोहा भंडार**
बाराबंकी
9415049894, 9935342628

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14



# जैसेलमेर में आयोजित हुआ कामधेनु पेंट्स का डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर सम्मेलन



जनवरी की सर्द हवाओं के बीच राजस्थान का मुख्य शहर जैसेलमेर कामधेनु पेंट्स के डीलरों–डिस्ट्रीब्यूटरों की गहमा–गहमी से गुलजार हो गया। बुनियादी ढांचा क्षेत्र में देश की अग्रणी कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट इकाई कामधेनु पेंट्स ने 22 जनवरी को शहर के आलीशान महादेव रिसॉर्ट में राजस्थान के डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों का सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य राजस्थान में कंपनी के कामकाज की समीक्षा करने के साथ डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों को कारोबार और बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना भी था। इस मौके पर राज्य में कंपनी के 60 से ज्यादा डीलरों ने भाग लिया। सम्मेलन में कामधेनु पेंट्स की ओर से श्री गुरमीत सिंह सिनियर मैनेजर, ऑपरेशन्स ऑल इंडिया, श्री लवजीत सिंह, मैनेजर, ब्राण्ड प्रमोशन्स, श्री जयसिंह शेखावत, श्री विजेन्द्र चौधरी, श्री अजय शर्मा, एरिया सेल्स मैनेजर, भी उपस्थित थे।

सम्मलेन में उपस्थित डीलरों को प्रोत्साहित करते हुए श्री गुरमीत सिंह ने कहा, "राजस्थान कंपनी के प्रमुख बाजारों में से एक है और आज राज्य में कामधेनु के सभी उत्पादों की भारी मांग है। कंपनी को राजस्थान में मिली सफलता में राज्य के डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों का महत्वपूर्ण योगदान है। लेकिन अब समय आ गया है कि राज्य में कंपनी के कामकाज को और ऊँचे स्तर पर ले जाया जाए। मैं आप सभी को एक बार फिर आश्वस्त करना चाहता हूँ कि कंपनी की प्रगति में भागीदार सभी सहभागी समान रूप से लाभान्वित होंगे।"

डीलरों को कंपनी की भावी योजनाओं की जानकारी देते हुए श्री गुरमीत सिंह ने आगे कहा, "कंपनी भविष्य में अपने कारोबार में कई गुना बढ़ोतरी के लिए देश–भर में अपने डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क का लगातार विस्तार कर रही है। साथ ही कंपनी बाजार की मांग को देखते हुए नए उत्पादों को भी पेश कर रही है। हमारे सभी नए उत्पादों को भी भारत के सभी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है।"

दूसरी ओर डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों ने भी भरोसा दिलाया कि वे राजस्थान में कामधेनु पेंट्स के कारोबार को आसमान की बुलंदियों तक ले जाएंगे। वहीं कंपनी ने भी उन्हें भरोसा दिलाया कि वो डीलरों–डिस्ट्रीब्यूटरों के साथ हर कदम पर उनके साथ खड़ी होगी। कामधेनु के साथ जुड़े किसी डीलर को कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। कामधेनु ने डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों के कल्याण के लिए सेल्स प्रमोशन स्कीम शुरू की हैं। कंपनी समय–समय पर उन्हें देश–विदेश की सैर भी कराती है।






Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092